दैनिक
न्याय साक्षी



## कोड़ातराई में भरोसे का सम्मेलन

# छत्तीसगढ़ के 82 विकासखण्डों में जैतखाम की स्थापना के लिए भूमिपूजन संपन्न

- कोड़ातराई में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत 3088 हितग्राहियों को सहायता राशि व सामग्री का वितरण
- किसान, गरीब, मजदूर सहित सभी वर्ग के लोगों की भलाई और उत्थान के लिए कार्य कर रही छत्तीसगढ़ सरकार- खड़गे
- छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को मिली गति- मुख्यमंत्री बघेल




**रायगढ़।** नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज रायगढ़ जिले के ग्राम कोड़ातराई में आयोजित 'भरोसे का सम्मेलन' को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में चारों तरफ विकास ही विकास दिखाई दे रहा है। यहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लोगों की भलाई के लिए सतत रूप से जनहितैषी कार्यक्रम चलाए जा रहे है। सम्मेलन में लोगों की जुटी अपार भीड़ और उनमें सरकार के प्रति विश्वास से साफ जाहिर हो रहा है कि यह सम्मेलन सिर्फ भरोसे का सम्मेलन ही नहीं, बल्कि यह भरोसे का अनुष्ठान सम्मेलन है।

नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संबोधन की शुरुआत जय जोहार जय छत्तीसगढ़ महतारी के नमन के साथ किया। उन्होंने कहा कि ऐसा सम्मेलन शायद देश के किसी कोने में, किसी भाग में नहीं हुआ। ये गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में हर जगह भरोसे का सम्मेलन का आयोजन हो रहा है, जो सरकार के प्रति लोगों के विश्वास को दर्शाता है।

नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में गरीब, किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी, युवा तथा वंचित व कमजोर वर्ग सहित बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सबके हित में बखूबी काम हो रहा है। यहां राज्य सरकार ने आम लोगों की जरूरत को समझकर योजनाएं बनाई। इन योजनाओं से लाखों-करोड़ों हाथों को काम मिल रहा है। उन्हें सुगमता से रोजगार उपलब्ध हुए हैं और उनकी आय में भी बढ़ोत्तरी हुई है।

नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विपरीत परिस्थितियों में भी छत्तीसगढ़ के विकास का काम कभी नहीं रोका। मैं आप सभी को बधाई देता हूँ। छत्तीसगढ़ में आज चारो तरफ विकास हो रहा है। हमारी सरकार लोगों को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। गोधन न्याय योजना से लघु उद्योगों को मजबूती मिली है। गांवों में रोजगार बढ़े हैं। अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है।

नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डायरेक्ट बेनिफिट योजनाओं के माध्यम से पांच सालों में 1 लाख 75 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि आम लोगों की जेब में डाले गए हैं। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ में विगत 5 सालों में 40 लाख से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार जितना कहती है, उससे ज्यादा करती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहले 27 जिले थे, आज 33 जिले हैं, तहसीलों की संख्या भी बढ़ी है। इससे प्रशासनिक काम-काज में सुविधा होने के साथ-साथ लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ तत्परता से पहुंचने लगा है। यहां लोगों की आमदनी बढ़ी है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भरोसे का सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरू घासीदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कला एवं संस्कृति की नगरी रायगढ़ की पावनधरा से आज से 82 विकासखण्डों में जैतखाम की स्थापना के लिए भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा कि सत्य के रास्ते में चलने का संदेश बाबा गुरु घासीदास जी का है। सत्य के रास्ते को महात्मा गांधी जी ने भी बताया। सत्य का रास्ता हमारा रास्ता है। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जी से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, नरसिम्हा राव, मनमोहन सिंह सभी का उद्देश्य हिंदुस्तान की जनता को ताकतवर बनाने का रहा। इनके बताए मार्ग पर चलकर हमारी सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में आम लोगों के जीवन में बेहतरी लाने का कार्य निरंतर हो रहा है। इससे छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को नई गति मिली है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमारे सुदूर वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी भाइयों बहनों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लघु वनोपज खरीद-बिक्री के लिए सुगम व्यवस्था की। इसके परिणाम स्वरूप आज देश का तीन चौथाई लघुवनोपजों का संग्रहण छत्तीसगढ़ में हो रहा है। जिसका लाभ 12.50 लाख संग्राहकों को मिल रहा है। इसके अलावा संग्राहकों की भलाई के लिए हमने शहीद महेंद्र कर्मा के नाम से बीमा योजना भी शुरू की है। इस तरह ये छत्तीसगढ़ मॉडल है, जिसमें सबसे किया वायदा हम निभाते हैं।

मुख्यमंत्री बघेल ने समर्थन मूल्य में धान खरीदी, भूमिहीन मजदूरों को 7 हजार रुपए प्रतिवर्ष आर्थिक अनुदान, अंग्रेजी माध्यम में नि:शुल्क शिक्षा देने का वायदा था, हमने दिया। आज छत्तीसगढ़ में किसान, नौजवान, मजदूर, महिलाएं, बच्चे सभी को मजबूत कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार जनता का पैसा जनता तक सही ढंग से उपयोग कर उसे वापस लौटा रही है। छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार संसाधनों का उपयोग जनहित में कर रही है।

नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद खड़गे ने मुख्यमंत्री बघेल द्वारा स्टॉलों का निरीक्षण

नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा व सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गरिमामय उपस्थिति में रायगढ़ जिले के कोड़ातराई में आज भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर खड़गे ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कोड़ातराई में विभागो द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। उनके द्वारा स्टालों में हितग्राहियों से चर्चा कर विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओ का लाभ मिलने के संबंध में जानकारी भी ली गई। साथ ही इस अवसर पर शासन की विभिन्न योजनाओ के 3088 लाभान्वित हितग्राहियों को 9 करोड़ 8 लाख 35 हजार रूपये की सामग्री व सहायता राशि वितरित की गई। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय उपलब्धियों एवं योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिससे बड़ी संख्या में आमजन लाभान्वित हुए।

उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव ने भरोसे के सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और सभी वर्ग के लोगों के लिए अच्छा काम कर रही है। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। इस अवसर पर सांसद दीपक बैज ने अपने उद्बोधन में कहा कि ये छत्तीसगढ़ सरकार के भरोसे का सम्मेलन है। ये हमारे किसानों, युवाओं के भरोसे का सम्मेलन है। छत्तीसगढ़ की माताओं, बहनों का भरोसे का सम्मेलन जिनके हाथों को काम मिला है। गरीब के बच्चे को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा मिल रही है, उस भरोसे का सम्मेलन है। मजबूत स्वास्थ्य सुविधाओं के भरोसे का सम्मेलन है।

इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुमारी शैलजा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार, संसदीय सचिव चंद्रदेव राय, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष नंद कुमार साय, विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया, विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह, विधायक सारंगढ़ उत्तरी गनपत जांगड़े, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आईटीआई पास आऊट युवाओं के लिए रोजगार मेला 7 को

**शास.औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में होगा रोजगार मेले का आयोजन, 'रोजगार मितान' पोर्टल में कर सकते है पंजीयन**

**रायगढ़।** जिले में आईटीआई पास आऊट युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में 7 अक्टूबर 2023 को सुबह 9 बजे से रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सुजुकी मोटर्स हंसलपुर गुजरात हेतु तकनीशियन एवं अप्रेंटिस के 500 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसके लिए निर्धारित योग्यता- फिटर, विद्युतकार, मशीनिष्ट, टर्नर, वेल्डर, मोटर मैकेनिक, डीजल ट्रेक्टर के व्यवसायों में आईटीआई उत्तीर्ण होना आवश्यक है। रोजगार मेला से संबंधित अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए वेबसाइट www.itiraigarh.com एवं रोजगार मितान पोर्टल www.raigarhrojgarmitan.in पर दिए गए लिंक अपना पंजीयन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार प्राचार्य आईटीआई रायगढ़ में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।

### नगर पंचायत बिलाईगढ़ के अध्यक्ष निर्वाचन के लिए 5 अक्टूबर को होगा सम्मेलन

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने आदेश जारी किया है जिसके अंतर्गत नगर पंचायत बिलाईगढ़ में अध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न करने के लिए बिलाईगढ़ के निर्वाचित पार्षदों का सम्मेलन 5 अक्टूबर 2023 को सुबह 11 बजे किया जाएगा, जिसके पीठासीन अधिकारी डॉ स्निग्धा तिवारी (अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलाईगढ़) हैं।

### कार फायनेंस कंपनी को लगाया 71.18 लाख का चूना, जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** सेकेण्ड हैंड कार फायनेंस कंपनी में काम करने वाले आरोपियों ने मिलकर कंपनी का 71 लाख 18 हजार रूपए अपने खाते में जमा कराते हुए धोखाधड़ी किया है। मामले में कंपनी के संचालक ने आरोपियों के खिलाफ डीडी नगर थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी रूपेन्द्र निर्मलकर पिता ओमप्रकाश निर्मलकर संचालक आरएस मोटर डीडी नगर ने शिकायत दर्ज कराया कि प्रार्थी का कार हब शो रूम सरोना में संचालित है। प्रार्थी की कंपनी पुराने व सेकेण्ड हैंड कार की खरीदी-बिक्री और फायनेंस करने का काम करती है। कंपनी में काम करने वाले आरोपी चंद्रशेखर सिंह तथा तेजपाल सिंह ने मिलकर कंपनी के नाम पर 9 वाहनों की फायनेंस रकम 71 हजार 18 हजार रूपए अपने खाते में जमा कराते हुए कंपनी के साथ धोखाधड़ी किया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है।

## अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने वाले आरोपी को कोसीर पुलिस ने भेजा जेल

**सारंगढ़ ।** जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को विधानसभा चुनाव पूर्व अवैध शराब, जुआ, सट्टा जैसे अवैधानिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने हेतु कड़े निर्देश दिए गए है जिस पर अमल करते हुए मुखबीर सूचना पर ग्राम मल्दा अ का बसंत कुर्रे अपने मकान में अवैध रूप से अधिक मात्रा में हाथ भट्ठी का कच्ची महुआ शराब बिक्री करने हेतू रखा है कि सूचना पर गवाह 1 सुखाउ राम लहरे पिता रामजी लहरे उम्र 56 वर्ष साकिन कोसीर 2 दुष्यंत लहरे पिता कौशल प्रसाद लहरे उम्र 33 वर्ष साकिन कोसीर थाना कोसीर को नोटिस जारी कर तलब कर गवाहों के समक्ष मुखबीर सूचना पंचनामा तैयार कर हमराह स्टाफ सउनि कुंवर टोप्पो आर0 1152,832,1019,879,994 एवं गवाह सुखाउ राम लहरे, दुष्यंत लहरे के मुखबीर के बताये स्थान ग्राम मल्दा अ पहुचकर बसंत कुर्रे के मकान को घेराबंदी कर बसंत कुर्रे को आवाज देकर बाहर बुलाकर मुखबीर सूचना से अवगत कराकर गवाहों के समक्ष सभी कर्मचारियों का फोर्स तलाशी बसंत कुर्रे से लिवाया जाकर अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रखने के संबंध में पूछताछ किया गया जो बसंत कुर्रे के द्वारा अपने मकान में रखे कच्ची महुआ शराब (1) एक पीले रंग के 15 लीटर क्षमता वाले डालडा के प्लास्टिक डिब्बा में भरा करीब 15 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 1500 रू0 (2) एक पीले रंग के 15 लीटर क्षमता वाले डालडा के प्लास्टिक डिब्बा में भरा करीब 15 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 1500 रू0 (3) एक सफेद रंग के 10 लीटर क्षमता वाले



प्लास्टिक जरीकेन में भरा करीब 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जुमला 40 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 4000 रू0 को मकान से निकाल कर आंगन में पेश किया जिसे धारा 91 जा0फौ0 का नोटिस देकर अवैध रूप से हाथ भट्ठी का कच्ची महुआ शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज व लायसेंस का मांग किया गया जो नोटिस की एक प्रति में शराब रखने के संबंध में कोई दस्तावेज या लायसेंस नही होना लिखित में देने पर आरोपी बसंत कुर्रे पिता घसिया कुर्रे उम्र 32 वर्ष साकिन मल्दा अ थाना कोसीर का उक्त कृत्य धारा 34 (2) आब0 एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी बसंत कुर्रे के कब्जे से कुल 40 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 4000 रू0 को गवाहो के समक्ष मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर मौके पर शीलबंद कर कब्जा मे पुलिस लिया।आरोपी बसंत कुर्रे उम्र 32 वर्ष साकिन मल्दा अ थाना कोसीर को न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजा गया है।

सम्पूर्ण कार्यवाही में उप निरीक्षक जे.एस. ठाकुर, सउनि कुंवर टोप्पो, आर0 मुनी अनंत, सुरेश बर्मन, पंकज साहू, दिलेश्वर नेताम, लुकेश्वर पटेल एवं समस्त थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के पश्चात कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सौंपी फोटोयुक्त मतदाता सूची की प्रति

- कलेक्टर सिन्हा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की ली बैठक
- जिले के 3 विधानसभा में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनीतिक दलों की बैठक ली। कलेक्टर सिन्हा ने मतदाता सूची के प्रारंभिक प्र्रकाशन से अंतिम प्रकाशन तक के निराकृत फार्म-6, 7 एवं 8 के बारे में जानकारी दी। बैठक में उन्होंने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को फोटोयुक्त मतदाता सूची की प्रति में उपलब्ध करायी।

कलेक्टर सिन्हा ने इस दौरान प्रतिनिधियों को बताया जिले की चार विधानसभाओं में फार्म-6 के 27 हजार 826, फार्म-7 के 18 हजार 191 और फार्म-8 के 13 हजार 443 आवेदन पत्रों सहित प्राप्त कुल 59 हजार 460 आवेदन पत्र का निराकरण किया गया है। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त से अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर 2023 की अवधि में जिले के 4 विधानसभा क्षेत्र में 27 हजार 826 मतदाता का नाम जोड़ा (परिवर्धन)गया है तथा 18 हजार 191 मतदाता का नाम काटा (विलोपन) एवं 13 हजार 443 मतदाता का मतदाता सूची में संशोधन किया गया है।

कलेक्टर सिन्हा ने मतदाताओं की संख्या की जानकारी देते हुए बताया कि जिले के तीन विधानसभाओं में महिला मतदाताओं की संख्या में बढ़ी है। उन्होंने बताया विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा में पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 1 हजार 650, महिला मतदाता- 1 लाख 2 हजार 581 एवं तृतीय लिंग 1 है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ़ में पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 5 हजार 252, महिला मतदाता-1 लाख 4 हजार 986 एवं तृतीय लिंग 17 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18-खरसिया में पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 7 हजार 383, महिला मतदाता-1 लाख 7 हजार 835 एवं तृतीय लिंग 5 है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़ में पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 3



हजार 915, महिला मतदाता-1 लाख 8 हजार 590 एवं तृतीय लिंग 3 है। इस प्रकार चारों विधानसभा में पुरूष मतदाता की संख्या 4 लाख 18 हजार 200, महिला मतदाता की संख्या 4 लाख 23 हजार 992 तथा तृतीय लिंग 26 है। इस प्रकार कुल मतदाताओं की संख्या 8 लाख 42 हजार 218 है। उन्होंने बताया कि रायगढ़ विधानसभा के 59 मतदान केन्द्र जो सारंगढ़-बिलाईगढ़ में स्थित है। जिसमें पुरूष मतदाता 23 हजार 548, महिला मतदाता 23 हजार 190 तथा तृतीय लिंग 3 है। इस तरह कुल मतदाताओं की संख्या 46 हजार 741 है।

कलेक्टर सिन्हा ने राजनीतिक दलों को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान जिले में निर्वाचन व्यय निगरानी के तहत चुनाव लडऩे वाले अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों द्वारा दिन-प्रतिदिन विभिन्न मदों में प्रचार-प्रसार एवं अन्य आवश्यक सामग्रियां इत्यादि पर व्यय किए जाने वाले आवश्यक सामग्री इत्यादि के मानक दर का निर्धारण किया गया है। इस दौरान उन्होंने सामग्री वितरण एवं वापसी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि लैलूंगा, रायगढ़ एवं खरसिया विधानसभाओं की सामग्री का वितरण एवं वापसी किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (केआईटी)रायगढ़ में किया जाएगा। इसी प्रकार धरमजयगढ़ विधानसभा में सामग्री वितरण एवं वापसी डाईट धरमजयगढ़ से किया जाएगा। चारों विधानसभाओं के लिए मतगणना स्थल किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (केआईटी)रायगढ़ को बनाया गया है।

इस दौरान अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, प्रिंकल दास, पिन्टू सिंह, गोपाल बापोडिय़ा, पवन शर्मा, सरजू अजगल्ले सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कोड़ातराई में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का किया निरीक्षण

- हितग्राहियों से चर्चा कर जनकल्याणकारी योजनाओं से मिल रहे लाभों के संबंध में ली जानकारी

**रायगढ़।** नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा व सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गरिमामय उपस्थिति में रायगढ़ जिले के कोड़ातराई में आज भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर खड़गे ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कोड़ातराई में विभागों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। उनके द्वारा स्टालों में हितग्राहियों से चर्चा कर विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ मिलने के संबंध में जानकारी ली गई। इसके साथ ही इस अवसर पर शासन की विभिन्न योजनाओं के 3088 लाभान्वित हितग्राहियों को 9 करोड़ 8 लाख 35 हजार रूपये की सामग्री व सहायता राशि वितरित की गई। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय उपलब्धियों एवं योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिससे आमजन लाभान्वित हुए।

रायगढ़ जिले के कोड़ातराई में आयोजित भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में



स्टॉल निरीक्षण के दौरान अतिथियों द्वारा महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा के स्टॉल में लक्ष्मी समूह डोगीतराई के कोदो कुटकी, रागी, बाजरा आदि मिलेट प्रोसेसिंग यूनिट, तरडा रीपा के बेलमेटल मूर्तियां, संबलपुरी साड़ी, शूट पीस, शर्ट सहित अन्य प्रोडक्ट, रीपा लैलूंगा के मिट्टी का बर्तन, रीपा तमनार के जुट बैग, बेकरी सामग्री, भूपदेवपुर रीपा के बांस निर्मित बंबू क्राफ्ट, स्कूल बैग और सूपा रीपा के गोबर पेंट, फिनाईल आदि अन्य उत्पाद का अवलोकन किया गया।

इसी प्रकार वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग वनमंडल रायगढ़ धरमजयगढ़, जिला रायगढ़ द्वारा लघु वनोपज से बनने वाले मधुमेह नाशक चूर्ण, गुड़मार चूर्ण, हर्रा चूर्ण, आमलकी चूर्ण, त्रिफला चूर्ण, अश्वगंधा चूर्ण सहित अन्य उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा नरवा विकास योजना, वृक्ष संपदा योजना, कृष्ण कुंज आदि को भी मॉडल बनाकर प्रदर्शित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत लाभांवित बच्चों के पालकों द्वारा निर्मित फोटो फ्रेम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भेट किया गया। इसके साथ ही स्टॉल पर मुख्यमंत्री द्वारा दस सदस्यीय हरित लक्ष्मी स्व-सहायता समूह सराईपाली की अध्यक्ष पद्मा को छत्तीसगढ़ महिला कोष के तहत एक लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया।

रेशम विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा व सांसद मल्लिकार्जुन खरगे और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विभागीय सिल्क समग्र योजना से लाभान्वित कल्याणी स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष सुश्री सुमती शाह से कोसा धागाकरण कार्य से होने वाले लाभ की जानकारी ली। जिस पर सुश्री सुमती शाह द्वारा बताया गया कि इस कार्य से उनके द्वारा कोसा धागा का निर्माण किया जा रहा है। जिससे उनका जीविकोपार्जन हो रहा है और वह लाभांवित हो रही हैं। उनके द्वारा बताया गया कि इस कार्य के माध्यम से ही उनके द्वारा अपनी लड़की की शादी और अपना जीवन बीमा कराया गया है। इसके साथ ही रेशम विभाग द्वारा स्टॉल में टसर स्पन धागा, मलबरी कोसा, टसर प्रक्षेत्र, टसर कृमिपालन आदि की प्रदर्शनी लगाई गई।

इसके साथ ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा हाट-बाजार क्लिनिक योजना, पोषण पुनर्वास केंद्र, हमर लैब, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री मितान योजना, उद्यानिकी विभाग द्वारा बाड़ी योजना, फल क्षेत्र विस्तार, सब्जी क्षेत्र विस्तार तथा लोक स्वास्थ्य विभाग, मछली पालन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विभागीय गतिविधियों और योजनाओं की जानकारी दी गई।

## नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कलेक्टर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया स्वागत



**रायगढ़।** नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा व सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंह देव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुमारी शैलजा रायगढ़ के ग्राम कोड़ातराई में आयोजित भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होने कोड़ातराई हेलीपैड पहुंचने पर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, डीएफओ सुश्री स्टायलो मंडावी ने स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर कर्मा नृत्य दल के नर्तकों ने नृत्य के माध्यम से मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480